# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

**प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001**

(पंजीयन सं०–633/2003)

**Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com**

अध्यक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम

संयुक्त सचिव:- * राजचन्द वार्डियार
* अनिल कुमार

कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द


पत्रांक : 09

दिनांक 29/1/2012

दिनांक–29.01.2012 को केन्द्रीय कार्यकारणी की हुई बैठक की कार्यवाही:–

उपस्थिति :- पंजी के अनुसार

बैठक की कार्यवाही सभी सदस्यों के परिचय से प्रारंभ हुई । तदोपरांत बिहार प्रशासनिक सेवा के वर्तमान परिपेक्ष्य पर चर्चा हुई।

2. महासचिव द्वारा बताया गया कि वर्तमान में सदस्यों की सबसे बड़ी मूल दो समस्या है प्रथम प्रोन्नति में stagnation से है और यह Basic ग्रेड से उप सचिव स्तर में प्रोन्नति नहीं होने से है। वर्तमान में बेसिक ग्रेड में 705 (पदस्थापित)+161 (प्रशिक्षण में) 865 संख्या बल रहे है जो स्वीकृत बल 273 (पदस्थापन हेतु) + 40 (प्रशिक्षण) 313 से बहुत अधिक है। संघ द्वारा इसका समाधान हेतु दो सुझाव सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक–05.01.12 को दिये गये है। पहला कि 101 Add/SDM के पद पर पदस्थापन की कार्रवाई की जाय। दूसरा nancadre post पर पदस्थापन के साथ–साथ प्रोन्नति दी जाय। इस संदर्भ में महासचिव द्वारा बताया गया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस दिशा में कार्रवाई की जा रही है। संघ को आशा है कि इसका समाधान निकट भविष्य में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कर दिया जायेगा।

3. दूसरा बिन्दू वित्तीय उन्नयन से संबंधित है इसपर भी चर्चा हुई। इस बिन्दु पर महासचिव द्वारा स्पष्ट किया गया कि 39वें बैच को प्रथम ए.सी.पी देने की तैयारी सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा की जा रही है आशा है कि फरवरी–मार्च,12 तक इसका आदेश हो जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय एवं तृतीय ए.सी.पी का भी समाधान किया जा रहा है। एम.ए.सी.पी. के तहत 40वी.,41वी,42वी बैच या इसके नीचे बैच को वित्तीय उन्नयन देने के बिन्दु पर सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग के बीच हुई भ्रांतियाँ है इस संबंध में महासचिव द्वारा बताया गया कि संघ इस बिन्दु पर माननीय उप मुख्यमंत्री के साथ वार्ता कर इसका समाधान निकालने का अनुरोध करेगी।

4. वरीय उप समाहर्त्ता की मूल भूत सुविधा की समस्या अभी भी कुछ जिलों में है इस पर महासचिव द्वारा बताया गया कि इस ओर भी सामान्य प्रशासन विभाग का ध्यान विगत प्रधान सचिव के साथ हुई वार्ता में आकृष्ट कराया गया था। साथ ही पत्राचार भी किया गया है। इसका निराकरण की दिशा में यह भी सुझाव किया गया कि वरीय. उप समाहर्त्ता के पद पर पदस्थापन स्वीकृत बल 176 के अन्तर्गत ही किया जाय।

5. विभागीय प्रोन्नति में चारित्री/कार्य मूल्यांकन का वर्गीकरण के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र संख्या-929 दिनांक-30.03.11 पर चर्चा की गयी। इस पत्र में वर्णित है कि **“7600/- रूपये एवं इससे ऊपर के ग्रेड वेतनों में प्रोन्नति हेतु पिछलें 5 वर्षो से 36 माह की चारित्रीक अभ्युक्ति कम से कम बहुत अच्छा होना आवश्यक होगा।”** महासचिव द्वारा बताया गया कि इस बिन्दु पर संघ द्वारा दिनांक-05.01.12 को प्रधान सचिव सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र दिया गया जिसमें उक्त आदेश को संशोधित करने का अनुरोध किया गया है

6. बिहार प्रशासनिक सेवा संघ को सशक्त एवं प्रभावशाली बनाने के संदर्भ में महासचिव द्वारा बताया गया कि इस हेतु पत्रिका प्रकोष्ठ, सांस्कृति प्रकोष्ठ, विधि परामशी प्रकोष्ठ, कल्याण प्रकोष्ठ, बेवसाई/ई-मेल प्रकोष्ठ एवं मिडिया प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जो समय-समय पर केन्द्रीय कार्यकारणी को अपना बहुमूल्य सुझाव देगा। इसके अतिरिक्त सभी जिलों के लिए एक-एक पदाधिकारियों को समन्वयक के रूप में नामित किया गया है जो जिला एवं केन्द्रीय कार्यकारणी के बीच कड़ी का काम करेगा।

7. अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर,11 में सेवानिवृत बि0प्र0से0 के निम्नलिखित सदस्य है:-

**माह अक्टूबर,2011**

1. मो० अख्तर इमाम, विशेष सचिव, निदेशक उर्दू, बिहार, पटना।

**माह नवम्बर,2011**

1. श्री बी.पी. दफ्तुआर, सचिव, कर्मचारी चयन आयोग, पटना
2. कुमार अनशुमाली, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना
3. श्री भवानी प्रसाद, अपर समाहर्त्ता, भूहबन्दी सासाराम रोहतास।
4. श्री अरूण कुमार वर्मा,संयुक्त सचिव,भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
5. श्री विनोद कुमार झा, संयुक्त सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार,पटना।

**माह दिसम्बर,2011**

1. श्री चन्द्र नाथ झा, विशेष सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना।
2. श्री सोहैब अहमद, संयुक्त सचिव, आयुक्त के सचिव, गया।
3. श्रीमती उमा दफ्तुआर, आर.डी.ओ. पटना प्रमंडल, पटना।
4. श्री इन्द्रजीत पासवान, वरीय उप समाहर्त्ता बेतिया।

उपस्थित पदाधिकारी को भावभिनी विदाई दी गयी। अध्यक्ष द्वारा सभी सेवानिवृत पदाधिकारी को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

8. उपस्थित सदस्यों द्वारा Laptop खरीदे जाने, इससे संबंधित प्रशिक्षण एवं Doeacc की परीक्षा के संदर्भ में, BASA Day मनाने पर, बि.प्र.से. संघ के पदधारकों के चुनाव की प्रकिया के संबंध में एवं गत आम सभा में सदस्यों द्वारा एक दूसरे पर टीका टिप्पणी करने के संबंध में चर्चा की गई। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि Laptop खरीदने हेतु प्रशिक्षण एवं परीक्षा पास करने की शर्त्ते लगाया गया है। इसे सरल बनाने की आवश्यकता है। अन्यथा सदस्यों को इसका लाभ नहीं हो सकेगा। इस हेतु सामान्य प्रशासन से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया।

9. BASA Day मनाने पर अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि इस बिन्दु पर सांस्कृति प्रकोष्ठ विचार कर अपना सुझाव केन्द्रीय कार्यकारणी को देगी। तदोपरांत इस पर अन्तिम निर्णल लिया जायेगा।

10. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदधारकों के चुनाव प्रकिया के संबंध में अध्यक्ष द्वारा बताया कि सर्वप्रथम सभी जिला ईकाई से इस संबंध में राय प्राप्त की जायेगी। तदोपरांत केन्द्रीय कार्यकारणी द्वारा इस पर विचार किया जायेगा।

11. गत आम सभा में सदस्यों के द्वारा एक दूसरे पर टीका-टिप्पणी करने पर संघ द्वारा झोभ प्रकट किया गया एवं संघ के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि इस प्रकार की टिप्पणी से बचा जाय।

अन्त में अध्यक्ष द्वारा सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 29/1/12
सुशील कुमार
महासचिव

(हस्ताक्षर)
(सुरेश कुमार शर्मा)
अध्यक्ष

ज्ञापांक- 09 दिनांक- 29/1/2012

प्रतिलिपिः- केन्द्रीय कार्यकारणी के सभी सदस्यों/सभी विशेष रूप से आमंत्रित सदस्यों/सभी आमंत्रित सदस्यों/अध्यक्ष/सचिव/ सभी जिला इकाई को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 29/1/12
(सुशील कुमार)
महासचिव